तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भाजपा ने किया नमन



खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 4 को

अम्बिकापुर। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 75 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 19 हजार 255 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो युवकों की गई जान

अम्बिकापुर। सड़क पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराने तथा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने की अलग- अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो युवकों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम अंधला निवासी विकेश आ. राम भरोष (16 वर्ष) 1 अक्टूबर को मामा रामा व मामी को बाइक से पहुंचाने ग्राम ठीरी कोना गया था। मामा-मामी को पहुंचाने के बाद अकेले घर आने लगा और जैसे ही एनएच 43 श्रीगढ़ के समीप पहुंचा तभी सड़क पर खड़े ट्रैक्टर के ट्राली के पीछे टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में नारायणपुर झगराखांड निवासी कृष्णा सिंह आ. सत्यनारायण (23 वर्ष) गत दिन बाइक से जा रहा था। इसी दौरान कोडा मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी बुधियारो कोरवा पति खोरा राम (25 वर्ष) 30 सितंबर की शाम 6 बजे धर के परछी में सोकर छोटा बेटा को दूध पिला रही थी। इसी दौरान उसके हाथ की हथेली को जहरीले सांप से डस लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन तत्काल महिला को बतौली अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ट्रेन के सफर से कर रहे किनारा, घंटों विलंब से चल रही ट्रेन

अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन के मनमाने संचालन से यात्रियों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश की राजधानी रायपुर तक सफर करने के लिए सुलभ एवं आम आदमी की पहुंच के अनुकूल माने जाने वाली अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन के मनमानी संचालन से यात्री अब आजीज आ चुके हैं। अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन अपने गंतव्य पर कब पहुंचेगी इसका कोई ठिकाना नहीं है। हालत यह है ट्रेन के घंटों विलंब से संचालित होने के कारण अब यात्री इस बड़ी सुविधा से किनारा कर रहे हैं तथा महंगा होने के बावजूद बस से रायपुर एवं दुर्ग-भिलाई का सफर कर रहे हैं।

खास बात

- गुरूवार को अरान्ह 3.16 बजे पहुंची दुर्ग स्टेशन

लंबे समय से अम्बिकापुर-दुर्ग एवं दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है। ट्रेन घंटों विलंब से अम्बिकापुर एवं दुर्ग पहुंच रही है जिससे यात्री आगे का सफर नहीं कर पा रहे हैं। ट्रेन के विलम्ब से पहुंचने के कारण यात्रियों को घंटों भूखे-प्यासे रहना पड़ रहा है। पूरी रात लम्बी दूरी का सफर करने वाले दूसरे दिन अपने निर्धारित कार्य नहीं कर पा रहे हैं तथा मजबूरी में उन्हें पूरा दिन महंगे होटलों में गुजारना पड़ रहा है। बुधवार की रात अम्बिकापुर से दुर्ग ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई लेकिन अपने गंतव्य दुर्ग स्टेशन पर 5.30 घंटे विलंब से अपराह्न 3.16 बजे पहुंची। ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि बुधवार को रात्रि 2.30 बजे ट्रेन सूरजपुर एवं रायपुर पहुंचने के समय सुबह 8 बजे अनुपपुर स्टेशन पहुंची थी। गुरूवार को अपराह्न 2.30 बजे ट्रेन रायपुर स्टेशन पहुंची तो कार्यालयीन समय समाप्त होने के कारण यात्री होटलों में जाकर नहाए, खाए। ट्रेन में न तो पेंट्री कार की सुविधा है न ही पीने का पानी तक उपलब्ध हो पाता है। ऐसे में यात्रियों को भूखे-प्यासे रहकर कष्टसाध्य यात्रा को पूरा करना पड़ा। दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन की वापसी भी पिछले पांच दिनों से घंटों विलंब हो रहा है।



दो महीने बाद 15 दिन चली समय पर

एक पखवाड़े पूर्व तक अम्बिकापुर-दुर्ग एवं दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन घंटों विलंब से चल रही थी। यात्रियों के भारी विरोध एवं रेल मण्डल के परिचालन अधिकारियों के साथ लगातार पत्राचार करने, सूचना के अधिकार के तहत परिचालन संबंधी जानकारियां मांगने के उपरांत अधिकारियों ने ट्रेन के संचालन में कुछ सुधार किया था। मामले में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी रेल अधिकारियों से चर्चा करने एवं लेट लतीफी को लेकर नाराजगी जताने का दावा कर रहे हैं। स्थिति जो भी हो एक पखवाड़े तक ट्रेन का संचालन समय पर हुआ इसके बाद ट्रेन घंटों विलंब से चल रही है। मजबूरी में यात्री ट्रेन का सफर करने के बजाय बसों से सफर कर रहे हैं। ट्रेन का यही हाल रहा तो रेल प्रबंधन को सरगुजा वासियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

माल परिवहन पर जोर

जानकारों का कहना है कि रेलवे प्रबंधन मालगाड़ियों के संचालन पर जोर दे रहा है जिसके कारण यात्री ट्रेनों का परिचालन घंटों विलंब से हो रहा है। अधिक कोयला परिवहन करने के चक्कर में एक साथ तीन मालगाड़ियों को जोड़कर चलाया जा रहा है। लम्बी मालगाड़ियों के गुजरने के कारण यात्री ट्रेनों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

गंभीर मरीज हो रहे हलाकान

अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन से संभागभर के गंभीर रूप से बीमार मरीज रायपुर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से परिजन के साथ सफर करते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में युवा ट्रेन का सफर करते हैं। दूसरे प्रांतों में जाने वाले लोग भी रायपुर से ट्रेन एवं हवाई जहाज का सफर कर अपने गंतव्य तक पहुंचने के उद्देश्य से ट्रेन की यात्रा करते हैं। ट्रेन के घंटों विलंब से पहुंचने के कारण न तो गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा मिल पाती है न ही आगे सफर कर पाते। परीक्षार्थियों की भी परीक्षा छूट जाती है।

तत्काल करता हूं चर्चा

अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन के घंटों विलंब से संचालित होने के संबंध में पूर्व में रेल मंडल के अधिकारियों से चर्चा की थी तथा ट्रेन का संचालन समय से करने का निर्देश दिया था। यह गंभीर समस्या है। मैं तत्काल रेल अधिकारियों से बात करता हूं।

-चिंतामणि महाराज
सांसद, सरगुजा

अधिकारियों से करता हूं बात

मैं तत्काल रेल मंडल के अधिकारियों से बात करता हूं। ट्रेन का संचालन निर्धारित समय से करने के लिए हर संभव पहल की जाएगी तथा ट्रेन निर्धारित समय पर चलेगी।

-राजेश अग्रवाल
पर्यटन मंत्री

रसौकी में हाथी का उत्पात, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसोंकी में बीती रात अकेले घूम रहे दंतैल ने दो किसानों की धान की खड़ी फसल को रौंदकर चौपट कर दिया। हाथी के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार दंतैल ने राममिलन सिंह और मंगल सिंह की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम रसोंकी सूरजपुर-कोरिया सीमा से लगा है और समीप में ही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का जंगल है। रात में जंगल से हाथी गांव पहुंचा और फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद सुबह कोरिया की ओर निकल गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी के गांव में पहुंचने के बाद भी उसे खदेड़ने तथा ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। ग्रामीण दंतैल के दोबारा गांव में पहुंचने पर दुर्घटना होने की संभावना से काफी भयभीत है। किसी व्यक्ति से उसका सामना हो गया तो गंभीर घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों द्वारा लोगों को हाथी से बचाव के उपायों की जानकारी देने और ग्रामीणों को जागरूक करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने और ग्रामीणों को सतर्क करने की मांग की है।



जिला उपभोक्ता फोरम का फैसला, खराब थ्रेसर मशीन देने वाले संचालक को ब्याज सहित राशि देने का आदेश

सूरजपुर। जिला उपभोक्ता फोरम के फैसले को अनदेखी करना एक अनावेदक को भारी पड़ गया। समय पर राशि का भुगतान नहीं करने पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। दरअसल सारा मामला वर्ष 2023 का है जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय द्वारा 10-8-2023 को अनावेदक स्टेडियम ग्राउंड मार्केट अंबिकापुर स्थित जनरल एजेंसीज के विरुद्ध आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश का परिपालन अनावेदक द्वारा नहीं किया गया तब जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए परित अनुतोष की राशि की वसूली हेतु अनावेदक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश पारित किया गया था। जिसकी तामीली कराने हेतु आयोग द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समक्ष अनावेदक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट भेजने का आदेश पारित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस सदर कोतवाली अंबिकापुर द्वारा अनावेदक को 13 जुलाई को गिरफ्तार कर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। अनावेदक को अनुतोष की कुल राशि ब्याज सहित 3 लाख 75 हजार 273 रुपए जमा करनी थी। , अनावेदक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष गिरफ्तार होकर आने पर न्यायालय से जमानत एवं मुचलका पर छोड़े जाने हेतु निवेदन किया, जिस पर आयोग द्वारा अनावेदक को परित अनुतोष की संपूर्ण राशि ब्याज सहित जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। अनावेदक के द्वारा 2 लाख का चेक न्यायालय में जमा किया था एवं शेष राशि आगामी पेशी तिथि को जमा करने हेतु समय चाहा था परंतु अनावेदक द्वारा आगामी पेशी तिथि में शेष राशि जमा नहीं की गई। शेष राशि की वसूली हेतु न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिष्ठोष आयोग सूरजपुर द्वारा अनावेदक स्टेडियम ग्राउंड मार्केट अंबिकापुर जनरल एजेंसी के संचालक के विरुद्ध जमानतीय वारंट किया गया है।

उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग मे अनावेदक द्वारा जमा की गई राशि 2 लाख का चेक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय द्वारा आवेदक विद्याधर पाठक निवासी ग्राम ठाढ़पाथर तहसील बिहारपुर, जिला सूरजपुर को 21 सितंबर को प्रदाय की गई।

लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर 440 किलो अवैध गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम एवं थाना तपकरा पुलिस की संयुक्त टीम ने लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर एक टाटा आईसर मिनी ट्रक से 440.63 किलो अवैध गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए ओडिशा बॉर्डर से लगे लावाकेरा पुलिस चेकिंग पॉइंट पर विशेष एंटी नारकोटिक्स टीम को तैनात किया गया है। टीम द्वारा लगातार संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा की ओर से एक वाहन में गांजा लेकर तस्कर जशपुर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना पर आज 2 अक्टूबर को सुबह लगभग 9 बजे लावाकेरा पुलिस चेकिंग बैरियर पर एंटी नारकोटिक्स टीम एवं थाना तपकरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उड़ीसा की ओर से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।



एंड टू एंड विवेचना जारी

प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे उक्त अवैध गांजा ओडिशा के बोध क्षेत्र से लेकर प्रयागराज, उत्तर प्रदेश जा रहे थे। पुलिस द्वारा गांजा किस व्यक्ति से खरीदा गया था तथा उत्तर प्रदेश में किस व्यक्ति तक पहुंचाया जाना था, इस संबंध में एंड-टू-एंड विवेचना की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में गांजा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। प्रकरण में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

ओडिशा से यूपी ले जाया जा रहा था गांजा

चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रहे टाटा आईसर मिनी ट्रक क्रमांक यूपी-71-टी-6592 को संदेह के आधार पर रोककर जांच की गई। वाहन में बैठे दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम मो. वसीम उम्र 28 वर्ष एवं मो. आसिफ उम्र 34 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम मुंडेरा, थाना दूंमनगंज, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश बताया।पुलिस टीम द्वारा ट्रक में लोड सामान के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि ट्रक में मिर्ची की बोरियां लोड हैं, जिन्हें वे ओडिशा से लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे हैं।

पहली बारिश भी नहीं झेल पाया लाखों की लागत से बना चेकडेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में बनाया गया चेकडेम महज छह महीने में ही टूटकर धराशायी हो गया। इस चेक डैम का निरमा 20 लाख रुपए की लागत से कराया गया था लेकिन निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही और गुणवत्ताहीन सामग्री के कारण चेकडेम पहली बारिश भी नहीं झेल पाया और टुकड़ों में टूटकर अलग हो गया। चेकडेम के टूटने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है और ग्रामीणों ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर जिला प्रशासन ने भी मामला सामने आने के बाद जांच और कार्रवाई के निर्देश दे दिए है और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

■ शंकरगढ़ क्षेत्र का मामला, 6 महीने में ही हुआ क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष

बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली में शासन द्वारा गर्मी के मौसम में बहते पानी को रोकने और जल संरक्षण के उद्देश्य से चेक डेम के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस चेकडेम के बनने से जल संग्रहण होता और आस पास के लोगों को सुविधाएं मिलती। इस चेकडेम के निर्माण हेतु शासन से द्वारा 20 लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। शासन के नरेगा के तहत पंचायत द्वारा इस चेकडेम का निर्माण कराया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि लाखों रुपए की लागत से बना चेकडेम पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। महज छह महीने में ही चेकडेम का बड़ा हिस्सा टूटकर बह गया। चेकडेम के टुकड़े बिखरे पड़े नजर आ रहे है। इस पंचायत में चेकडेम के महज 6 महीने में टूटकर टुकड़ों में बिखरने का यह पहला मामला नहीं है। इसी पंचायत में एक अन्य चेकडेम के भी क्षतिग्रस्त होने की बात कही जा रही है।



ग्रामीणों में रोष, कार्रवाई की मांग

चेकडेम के टूटकर बिखरने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा दी गई राशि का दुरूपयोग पंचायत में किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा भी सही तरीके से निर्माण की निगरानी नहीं की गई। मनमाने तरीके से निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने के साथ ही मानकों का ध्यान नहीं रखा गया। इसी वजह से चेकडेम धराशायी हुआ। ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिला पंचायत सीईओ द्वारा भी जांच टीम का गठन कर दिया गया है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

चेकडेम के क्षतिग्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया है। संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए गए है, जांच में यदि कोई लापरवाही समने आती है तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी
सीईओ जिपं



खबर संक्षेप

भारतीय किसान संघ का विशाल धरना प्रदर्शन ट्रैक्टर रैली 8 अक्टूबर को

बलरामपुर। भारतीय किसान संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के वादाखिलाफी के खिलाफ 8 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनरेश कुशवाहा ने बताया कि किसान संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शासन से कुछ मांगे हैं जिनमें विद्युत विभाग के निजीकरण को रोका जाए, वर्ष 2022-23 में खरीदी गई धान की एक करोड़ से भी ऊपर की बकाया रकम को तत्काल भुगतान कराए जाने, भारतीय किसान संघ द्वारा प्रस्ताव को पारित करने सहित लगभग 10 सूत्रीय मांग को लेकर के 8 अक्टूबर को विशाल रैली धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है इसमें धरना प्रदर्शन के साथ-साथ ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी और सरकार के वादा खिलाफ का विरोध किया जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित जिले भर के किसान शामिल होंगे।

दुर्गा पूजा समिति का गठन अंचल बने अध्यक्ष

वाड्रफनगर। नगर के बाजारपारा स्थित शिव मंदिर में गुरूवार को माँ दुर्गा पूजा को लेकर समिति की बैठक हुई जिसमें दुर्गा पूजा महोत्सव की व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से समिति की नई कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यकारिणी में अंचल यादव को अध्यक्ष, बृशकेतु सिंह एवं मुकेश कश्यप को उपाध्यक्ष, अंकित जायसवाल कोषाध्यक्ष, सत्यम कुशवाहा सह कोषाध्यक्ष, निलेश केशरी सचिव तथा दिनेश कश्यप को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों को श्रद्धा, उत्साह और आपसी सहयोग से मनाने पर जोर दिया गया।

स्वच्छता अभियान के तहत छठ घाट में श्रमदान ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



उदयपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को उदयपुर के छठ घाट में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उदयपुर के सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता ने ग्रामीणों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और आसपास के सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई और कचरे का उचित प्रबंध कर हम अपने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने झाड़ू लगाकर छठ घाट परिसर की साफ-सफाई की। लोगों ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा देवगढ़ मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, भाजपा नेता दीपक सिंघल, कल्पना भदोरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

रामानुजगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई मासिक बैठक



रामानुजगंज। रामानुजगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक 1 अक्टूबर को सम्पन्न हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता श्रीमती मधु गुप्ता ने की। बैठक में संगठन सृजन एवं कई मुख्य बातों पर विचार करते हुए चर्चा की गई। इस दौरान जिला कांग्रेस के वरिष्ट पदाधिकारी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,रामानुजगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए।

गांधी की जयंती पर महामाया मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



करवां। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में देवीपुर स्थित महामाया मंदिर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानव उत्थान सेवा समिति के जिला अध्यक्ष श्रीमती देवंती ने मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता अभियान का शपथ दिलाई। सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 1 से 10 अक्टूबर तक संपूर्ण भारत में व्यापक स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलाध्यक्ष देवंती राजवाड़े एवं समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया एवं क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन मंदिर परिसर की साफ-सफाई व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलता है। इस दौरान बाबू लाल राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, मोतीलाल सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, खमी राम, रामविलास, वीर सिंह, देवनारायण, बालकेश्वर, नीरा देवी, रमेश्वरी, रामबाई, संतोष राजवाड़े, बृजेश, आनन्द दास मानिकपूरी, शिवप्रसाद, संत, अजीत सहित अन्य सक्रिय रहे।

भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भाजपा ने किया नमन



माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा सरगुजा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा सरगुजा जिला प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अनुराग सिंह देव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को जीवन का आधार बनाकर देश को स्वतंत्रता के लिए संगठित किया। उनका जीवन और विचार आज भी समाज को सेवा, सद्भाव और राष्ट्रहित की प्रेरणा देते हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श प्रस्तुत किया। उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश देश की शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जिला प्रभारी गोपाल साहू ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। दोनों महापुरुषों ने अपने आचरण से देशवासियों को यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण के लिए ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांत और शास्त्री की सादगी एवं राष्ट्रभक्ति आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह , विकास पांडेय, मधु चौदहा, निश्चल प्रताप सिंह, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी , शैलेश सिंह शैलू, नीलम राजवाड़े, अंकित जायसवाल, संजीव वर्मा ,सत्यम साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सरगुजा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राजू दुबे ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से इन महान विभूतियों के जीवन-मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। संगीत शिक्षक अंकित त्रिपाठी एवं आयुष राजपूत ने भजन की सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को भावपूर्ण एवं भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर संयुक्त जिला कार्यालय में किया गया नमन



सूरजपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। कलेक्टर श्रीमती जमील ने महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सादगी को जीवन में अपनाने, गांधी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने आचरण और दैनिक जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले एवं जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा



प्रतापपुर। गांधी जयंती के अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह ध्रुवे के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक भवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विकासखंड सचिव प्रेम सिंह मिश्रा एवं जिला काउंसलर विनय कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान रवि करण अकेला, संजय साहू, मनीराम पटेल, प्रतिमा सिंह, रविंद्र टोप्पो, महावीर ठाकुर, शैलेश जायसवाल, सीताराम यादव, बहादुर खान एवं नईम अंसारी सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड, प्रभारी शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम



सलका अधिना। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी एवं सेवा के विचारों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के प्रिय भजन की प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गांधी के जीवन एवं उनके विचारों पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। स्वयंसेवकों, स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ समाज एवं स्वस्थ जीवन के महत्व को समझते हुए स्वच्छता को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड की ओर से सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन विशेष आकर्षण रहा। इस दौरान प्रधान पाठक राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुनील चक्रधारी, हिमांशु राजवाड़े, अन्नू यादव, प्रीत कुमार राजकुमार सहित स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



बापू एवं स्व.लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

अम्बिकापुर। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं जिला सरगुजा पतंजलि योग समिति के द्वारा दो अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर गांधी चौक में गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर भारत माता की जय वंदे मातरम महात्मा गांधी अमर रहे लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारो से गुंजायमान किया एवं मिष्ठान वितरण किया गया। वृद्धाश्रम राघोपुरी में समस्त वृद्धजनों को फल वितरण कर महात्मा गांधी के प्रिय गीत रघुपति राघव राजाराम, पति तपावन, सीताराम एवं प्रेरणादायक गीत गाकर, राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष कमलेश सोनी, हरिशंकर सिंह, अनिल तिवारी, सुजान बिंद, अमित वर्मा, नवीन केशरी, बिजेंद्र यादव, सऊद अंसारी, एमएस आजाद, अनीसा अंसारी। इन्दु कुशवाहा, रेशमा केरकेट्टा, श्रीमती रजनी विंद, कमलकांत सेन, सुरेश, विरेन्द्र, अंकुर सिन्हा, आदि लोग उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर डीएवी. स्कूल में रन फॉर डीएवी का आयोजन

ओड़गी। गांधी जयंती के अवसर पर डीएवी. स्कूल कालामाजन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रन फॉर डीएवी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय द्वारा 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 2 किलोमीटर दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम शिमर, द्वितीय अभिषेक कुर्रे, तथा तृतीय मोहित रहे। बालिका वर्ग में प्रथम रुही, द्वितीय शगुन और तृतीय आंचल रहीं। 5 किलोमीटर दौड़ के बालक वर्ग में आदर्श ने प्रथम तथा रूपेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नीतू प्रथम, सृष्टि द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय रहीं। वहीं 10 किलोमीटर दौड़ के बालक वर्ग में सक्षम प्रथम, खेलसाय द्वितीय तथा प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ प्रतियोगिता के अलावा डीएवी. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य धनंजय सिंह स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर सत्य-अहिंसा के संदेश को किया याद, शास्त्री के आदर्शों को भी किया नमन

लखनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। लखनपुर के गांधी चौक में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं मानवता के संदेश को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को भी स्मरण किया गया। इस दौरान अमित सिंहदेव, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, देवनारायण सिंह, कृष्ण प्रसाद यादव, देवधारी चौधरी, मामू प्रसाद अग्रवाल, शराफत अली, परमेश्वर सिंह, रामसूजन द्विवेदी, अम्बिका यादव, हरेन्द्र गुप्ता, गणेश साहू, मोजीब खान, नानहु, ईश्वर राजवाड़े, इबरान खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महादेव चौक में भी मनाई गई गांधी जयंती- जूना लखनपुर के महादेव चौक में मंडल अध्यक्ष रमेश जायसवाल के नेतृत्व में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में लोगों को गांधी की जीवनी एवं उनके विचारों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच फल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन इरशाद खान ने किया। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर पंचायत लखनपुर द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी तथा नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महात्मा गांधी के विचारों एवं उनके आदर्शों को याद करते हुए स्वच्छता, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी एवं नागरिक भी उपस्थित रहे।



मां-बेटी के भावनात्मक प्रदर्शन ने भिगोईं आंखें, मिस एंड मिसेज में महिलाओं-बालिकाओं ने बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अग्रसेन जयंती से पहले अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल
- 11 अक्टूबर को धूमधाम से मनेगी भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती मां-पुत्री।

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती को लेकर अग्रवाल सभा द्वारा लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के बीच 1 अक्टूबर को आयोजित मी एंड मॉम कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। मंच पर मां-बेटी के भावनात्मक प्रदर्शन ने ऐसा समां बांधा कि उपस्थित लोग भाव-विभोर हो गए। मां-बेटी के रिश्ते और भावनाओं को मंच पर जीवंत होता देख कई दर्शकों की आंखें तक नम हो गईं। 2 अक्टूबर को आयोजित मिस एंड मिसेज प्रतियोगिता में महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जयंती महोत्सव के तहत कार्यक्रमों की शुरुआत 22 सितंबर को अग्रसेन प्रीमियर लीग से हुई। इसके बाद समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिए लगातार प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पुरुषों और बच्चों के लिए सामाजिक नारा लेखन, सुडोकू और एक मिनट प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए वजन घटाओ, मेहंदी, कुर्सी दौड़, धीमी स्कूटी, रंगोली और गुपचुप खाओ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं ने आयोजन में उत्साह भर दिया। श्री अग्रवाल सभा ने बताया कि गौरवशाली अग्र परंपरा के अनुरूप 11 अक्टूबर को भगवान अग्रसेन की 5150 वीं जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। मुख्य समारोह से पहले चल रहे आयोजनों में अग्रवाल समाज के महिला-पुरुषों, युवक-युवतियों और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। सभा अध्यक्ष संजय मित्तल प्रत्येक प्रतियोगिता में पहुंचकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजनों को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। महिला सभा से अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग,अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया, कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। युवा मंच से अध्यक्ष अतुल बंसल, शुभम अग्रवाल, आर्यु गर्ग, आदित्य अग्रवाल, निखिल गोयल, तनिष गर्ग, अंश केडिया, दीप अग्रवाल, यश मित्तल, ओम गर्ग व हर्ष गोयल तथा युवती मंच से अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, वैष्णवी अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वैशाली गोयल, नेहा गर्ग, आस्था अग्रवाल, युक्ति तायल और साक्षा गोयल सक्रिय हैं।

सीपीएम ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। सीपीएम ने घड़ी चौक पर धरना-प्रदर्शन किया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन को जिला सचिव ऋषि कुमार गुप्ता, सुरेंद्र लाल नेटी, रामलाल हसदा, रोशन नागेश, धनशाय एवं सीपी शुक्ला ने संबोधित किया मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मनमाने ढंग से एक दल विशेष भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए फार्म 6 में संशोधन करने का आरोप लगाया तथा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हसदेव जंगल की कटाई पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की।

न्यायालय तहसीलदार-राजापुर, मैनपाट जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क./.../अ-6-अ/2024-25

आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सहेदर आ. डिब्बू राम जाति उरांव निवासी ग्राम कतकालो उप-तहसील राजापुर मैनपाट जिला सरगुजा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीराम, बैशाखू, बवना राम आ. महेश्वर सभी जाति कंवर निवासी ग्राम कतकालो उप-तहसील राजापुर मैनपाट जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया कि आवेदकगण के स्वत्य अधिपत्य कि भूमि ग्राम कतकालो उप-तहसील राजापुर मैनपाट स्थित भूमि कुल खसरा क्रमांक 22 कुल रकबा 3.585 हे. स्थित है। उक्त भूमि में से खसरा नं. 1029, 2413, 2414, 2416/2, 2446/5, 2465/2, 2472/1, 2574/1, रकबा कमशः 0.036, 0.061, 0.020, 0.134, 0.272, 0.202, 0.016, 0.291 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में ऋतिवश शासकीय भूमि वर्णित हो गई है, जबकि उक्त वाद भूमि आवेदकगण के पूर्वज पंचन कंवर के नाम पर बन्दोबस्त सरगुजा सेटलमेंट में हुई थी, तथा आवेदकगण द्वारा कय की गयी भूमि खसरा नं. 2422/2 रकबा 0.291 हे. भूमि नामांतरण पश्चात भी आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख अद्यतन किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो कि इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। जिसमें कई बार सुचना पत्र जारी करने पर भी तामिली नहीं हो पाने के कारण समाचार पत्र के माध्यम से आपको अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है कि उक्त संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/10/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनाँक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया जाता है।

नायाब तहसीलदार
राजापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)











खबर संक्षेप



कोटडीह में सेवा संकल्प शिविर, ग्रामीणों को मिला शासकीय सेवाओं का लाभ

राजपुर। ग्राम पंचायत कोटडीह में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जन समस्या निवारण एवं योजना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल ऋण पुस्तिका एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शासकीय दस्तावेजों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शिविर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने बुजुर्गों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उदय यादव, अनिल तिवारी, संजय दुबे, प्रतीक जायसवाल, नरेन्द्र कंवर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा सेतु कार्यक्रम में सुनी गई लोगों की समस्याएं



प्रतापपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत प्रतापपुर में 30 सितंबर को सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही।

खड़गवांकला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 282 मरीज हुए लाभान्वित



प्रतापपुर। सेवा सुशासन, गरीब कल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत खड़गवां कला में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित शिविर में 282 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में अभियान के विभिन्न थीम के तहत ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की एएनसी एवं स्वास्थ्य जांच तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। अब तक आयुष्मान योजना से छूटे ग्रामीणों का आयुष्मान वय वंदना पंजीयन किया गया। टीबी के संभावित मरीजों की जिले से पहुंची टीम द्वारा हैंडहेल्ड मशीन के माध्यम से एक्स-रे जांच की गई। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के स्टॉल के माध्यम से कम कीमत पर उपलब्ध दवाइयों के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर का आयोजन कलेक्टर रैना जमील के निर्देश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन बीपीएम सतीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच में डॉ. प्रीतिलता सिंह, राधेश्याम राजवाड़े, सज्जू राम, दामिनी, प्रेम कुमार एवं रामेश्वरी सहित सीएचओ सोनी चक्रधारी, परमानिया एवं नादो ने सेवाएं दीं। आयुष्मान पंजीयन का कार्य गुलाब एवं मोहित द्वारा किया गया। ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचाने में ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम पार्वती राजवाड़े, एमटी तारामनी सहित स्थानीय मितानिनों की भूमिका रही। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने से लोगों में उत्साह देखा गया।

बाइक सहित कुंए में गिरा युवक, मौत

अम्बिकापुर। बुधवार रात सूरजपुर से सटे ग्राम परी में एक युवक बाइक सहित कुएं में गिर गया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम रमकोला निवासी प्रदीप कुमार के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुबह युवक एवं बाइक को कुंए से बाहर निकलवाया एवं शव को पीएम के लिए मंगवाया। बताया जा रहा है कि मृतक के विरूद्ध किसी मामले में न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया है जिसके कारण गिरफ्तारी से बचने वह लगातार अपने ठिकाने को बदल रहा था। बुधवार की रात युवक कहीं जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर बाइक सहित कुएं में गिर गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

बिना सरिया के ही कर दिए नाली निर्माण

रामानुजनगर जनपद के ग्राम पंचायत पंपानगर में नाली निर्माण में भारी अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

जनपद पंचायत रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंपानगर गुणवत्ता को दरकिनार कर नाली निर्माण किया है। हैरानी की बात तो यह है कि संबंधित ठेकेदार नानी निर्माण में सरिया के बिना ही मनमानी तरीके से नाली निर्माण कर दिया जिससे अब नानी निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। ऐसा नहीं है कि घटिया नाली निर्माण को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत नहीं की है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने सकी जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण की जांच कराने की मांग की है।

खास बात

- 15वें वित्त आयोग योजना के तहत किया गया लगभग 60 मीटर लंबा नाली निर्माण

ग्राम पंचायत पंपानगर के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से जा रही मांग व बरसात के दिनो में सड़क पर कीचड़ हो जाने तथा लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर नाली निर्माण किया गया। 2 लाख की लागत से पंपानगर के गांधी चौक से सदर घर तक लगभग 60 मीटर लंबा नाली निर्माण 15वें वित्त आयोग योजना के तहत कराया गया है। परंतु गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया। आनन फानन में ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में सरिया तक का उपयोग नहीं किया और बिना सरिया डाले ही पूरा नाली निर्माण कर दिया।



गुणवत्ताहीन नाली।

हादसे को न्योता देती नाली

ग्रामीणों का कहना हे कि नाली निर्माण मानक अनुरूप नहीं किया गया है। नाली निर्माण में एक तरफ नाली की ऊंचाई बहुत ज्यादा कर दिया गया है तो वहीं दूसरी साइड नाली सड़क मार्ग के बराबर कर दिया गया है। ऐसे में नाली के खुला होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रिकालीन में नाली सड़क मार्ग के बराबर होने के कारण कई बाइक चालक अनियंत्रित होकर नाली में दुर्घटना ग्रस्त होकर घायल हो चुके है।

घटिया सामग्री का उपयोग

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि नाली निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। सीमेंट, गिट्टी और रेत का अनुपात मानक के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब जांच कर संबंधित निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत पंपानगर व टेक्निकल अधिकारी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

नाली में निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का उपयोग नहीं हुआ जिससे कि कई जगहों पर मसाला नहीं पहुंच सका है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाली निर्माण में किस तरह लापरवाही बरती गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत ने एस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अनियमितता की हद पार करते हुए नाली निर्माण में बिना छड़-सरिया के ही स्तरहीन नाली बना दी गई है। घटिया नाली निर्माण की शिकायत क्षेत्र के लोगों ने की परंतु अधिकारियों के देखरेख के अभाव में गुणवत्ताहीन नाली निर्माण कर दिया गया। जो कही न कही घटिया स्तर का निर्माण करवा कर सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया गया है। इधर घटिया नाली निर्माण कराने को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

कराई जाएगी जांच

नाली निर्माण में अनियमितता की गई है तो जांच कराई जाएगी। जांच उपरान्त निर्माण एजेंसी तथा संबंधित इंजीनियर के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

राजेश सेंगर, सीईओ

नाली निर्माण का नहीं हुआ है मूल्यांकन

नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अभी तक नाली निर्माण का मूल्यांकन नहीं हुआ है। काम और स्टीमेन्ट में किये गए कार्य अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा।

-पवन यादव, इंजीनियर



एआई एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग पर 12 विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कंप्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर एक दिवसीय रीजनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर प्रभाकर उपाध्याय की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के 12 सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने एआई, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, गणित के व्यावहारिक उपयोग, विभिन्न विषयों में तकनीकी समन्वय तथा एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों पर अपने शोध पत्र एवं प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर अंक सीधे सीबीएसई को प्रेषित किए। निर्णायक मंडल में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, हरिहरपुर के प्राचार्य बीएन यादव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरहरी के प्राचार्य दिलीप कुमार तिवारी तथा अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सुनील महापात्र शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागी शिक्षकों को उनकी प्रस्तुतियों पर महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर सिटी कोऑर्डिनेटर प्रभाकर उपाध्याय ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश मोहन मिश्रा ने शिक्षकों से आधुनिक तकनीकों एवं एआई का रचनात्मक और जिम्मेदार उपयोग कर शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी, रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा अतिथियों एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गरिमा सिंह एवं सुमन ठाकुर ने किया।

स्वच्छता ही सेवा के तहत नपं शिवनंदनपुर व बिश्रामपुर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आज शुक्रवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर व डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए,नगर पंचायत बिश्रामपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

अभियान अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 स्थित छठ घाट परिसर, गौरीशंकर मंदिर परिसर एवं गायत्री मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई,निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर झाड़ू लगाया और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।सफाई कार्य के साथ-साथ उपस्थित जनों एवं वार्डवासियों को अपने घर तथा आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं डीएवी स्कूल में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया।



अभियान में शामिल शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी।

प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता में विद्यालय के 390 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य द्वारा क्रीड़ाध्वज दिखाकर रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी एलआर साहू, शिक्षक पीके वैद्य एवं चित्रावती मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय प्राचार्या, स्वयंसेवकों, अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार एवं बाहरी क्षेत्र का स्वच्छता कार्य कर स्वच्छता अपनाने एवं साफ़-सफाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती जी ने कहा कि गांधीजी व शास्त्रीजी का महान एवं प्रेरक व्यक्तित्व हम सभी के लिए सतत प्रेरणादायी रहा है। निःस्वार्थ सेवा भावना और अहिंसात्मक कार्यशैली, कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण उनके प्रमुख सिद्धांत रहे। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में बच्चों की भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन बनाए रखने के लिए सभी को शारीरिक गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए।

ज्ञानोदय एसोसिएशन में वरिष्ठजनों के लिए खोला सियालगुड़ी सेंटर, सरगुजा सांसद ने किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर ज्ञानोदय विद्यालय दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिसर में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। साथ ही वरिष्ठजनों के लिए सियानगुडी सेंटर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज उपस्थित थे, इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित ज्ञानोदय मुकबधिर विद्यालय और वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यकम नें आत्म विमोर तो किया ही, साथ ही ज्ञान की बातें भी समझाई। सांसद ने कहा कि सियान गुड़ी वृद्धजनों को आत्मीय माहौल देता है,वृद्धजनों को योग प्राणायाम स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा मिलती है, यह वृद्धजनों को सांस्कृतिक और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करती है, ताकि वे एक स्वस्थ जीवन जी सके। मुक बधिर विद्यालय के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति पर जो नाटिका प्रस्तुत की गई, वो समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। नशा न केवल परिवार को बरबाद करता है बल्कि समाज भी इससे प्रभावित होता है। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि समाज में विशिष्ट सेवा प्रदान कर रहे 13 वृद्धजनों को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया। कार्यकम में वरिष्ठजन डॉ केके ताम्रकार, कुलवंत सिंह, अनील मिश्रा, आत्माराम मित्तल, राजकुमार गोयल, सोखाराम, डॉ एके पाण्डेय, हुकुम साय, राम कैलाश साह, मथुरा प्रसाद, श्रीमती ओमेगा सिंह, श्रीमती सीता सिंह, ज्ञान साय को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया,वीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं द्वारा दवाईयों के अत्यधिक दुरूपयोग विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानोदय मुक बधिर विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन ने किया। साथ ही सांकेतिक भाषा में श्रवण बाधित बच्चों को समझाने का कार्य विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती रीना सोनी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आस्था पाठक, अमन जायसवाल, राजिया फातिमा, श्वेता रानी, दीपिका तिवारी, सीमा भगत, अनिता राजवाड़े, रीमा सिंह, सक्रिय रहे।



एक साल से बीपीएम का पद खाली, डीपीएम का प्रभार भी एक ही अधिकारी के पास

रामानुजनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर का पद पिछले करीब एक साल से खाली है। संबंधित बीपीएम को जिला सूरजपुर के जिला प्रोग्राम मैनेजर का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद से ब्लॉक स्तर पर एनआरएचएम की व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में एक ही अधिकारी के पास बीपीएम और डीपीएम दोनों का प्रभार है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की नियमित निगरानी और संचालन प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब एक अधिकारी को जिला स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, तो रामानुजनगर के बीपीएम पद पर लंबे समय से नियमित व्यवस्था क्यों नहीं की गई। एक साल से पद रिक्त रहने के कारण स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, रिपोर्टिंग और विभागीय समन्वय पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीपीएम की शीघ्र नियुक्ति की जाए, ताकि ब्लॉक स्तर पर एनआरएचएम की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रिंग बांध तालाब एवं भूमि अंतरण प्रकरण में जिला प्रशासन ने स्पष्ट की वस्तुस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग बांध तालाब पर कब्जा करने अवैध रूप से कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और फर्जीवाड़ा करने के आरोपी आजाद इराकी को कोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया जिसके बाद उप संचालक अभियोजन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर फिर से प्रकरण में अपील करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में कलेक्टर ने भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति स्पष्ट की है।

रिंग बांध तालाब की भूमि खसरा क्रमांक 3714 से संबंधित राजस्व प्रकरण, भूमि के कथित अवैध अंतरण तथा आरोपी आजाद इराकी से जुड़े मामलों कलेक्टर सरगुजा द्वारा एसडीएम के जांच प्रतिवेदन, प्रकरण में हुई वैधानिक कार्रवाई तथा उपलब्ध न्यायालयीन अभिलेखों के आधार पर मामले की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि राजस्व, निगम तथा पुलिस विभाग द्वारा विधि के अनुसार कार्रवाई की गई है। रिंग बांध तालाब को अवैध रूप से पाटने के संबंध में शिकायतकर्ताओं के द्वारा अप्रैल 2026 में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत अवैध रूप से पाटे गए तालाब को खाली करने हेतु राजस्व विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारियों को आदेशित किया गया था। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा तालाब से मिट्टी हटाने के दौरान आरोपी आजाद इराकी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग किया गया।उक्त घटना के पश्चात आरोपी आजाद इराकी के विरुद्ध थाना मणिपुर में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज द्वारा आरोपी आजाद इराकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की गई। जिला न्यायालय से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के पश्चात आरोपी आजाद इराकी द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में अग्रिम जमानत हेतु याचिका दायर किया गया तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी को दिनांक 13 मई 2026 को अग्रिम जमानत प्रदान की गई।प्रकरण के जांच के क्रम में यह पाए जाने पर कि खसरा क्रमांक 3714 के नामांतरण में अनियमितता हुई है, एसडीएम अंबिकापुर द्वारा उक्त नामांतरण की वैधता के परीक्षण हेतु प्रकरण दर्ज किया गया। सरगुजा कमिश्नर न्यायालय द्वारा आदेश देने के पश्चात एसडीएम द्वारा पुनरीक्षण हेतु उक्त प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित किया गया, जहां उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण की आगामी सुनवाई पर रोक लगा दी गई है। जांच के ही क्रम में एक अन्य शिकायत प्राप्त हुई कि खसरा नम्बर 3714 अधिकार अभिलेख 1955-56 में आदिवासी वर्ग के व्यक्ति के नाम पर थी। उक्त बिंदु पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर से जांच प्रतिवेदन मांगा गया। जांच में यह प्रमाणित हुआ कि दस्तावेजों में कूटरचना कर आरोपी आजाद इराकी द्वारा आदिवासी वर्ग की भूमि को अपने नाम (गैर आदिवासी) पर खरीद लिया गया है, जो कि भू राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 के तहत दण्डनीय अपराध है।

जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आरोपी आजाद इराकी के विरुद्ध थाना मणिपुर में बीएनएस के कई प्रावधानों के तहत 24 सितंबर को अपराध दर्ज किया गया। अपराध दर्ज होने के पश्चात न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बिकापुर अरिन्दम नेरल के द्वारा आरोपी आजाद इराकी को 25 सितंबर को जमानत पर रिहा किया गया। उप संचालक अभियोजन ने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सरगुजा को प्रेषित अपने प्रतिवेदन में जमानत के उपरोक्त आदेश में कई त्रुटियों को प्रतिवेदित किया है। अतः प्रकरण की गंभीरता तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों को देखते हुए उपरोक्त जमानत आदेश के विरुद्ध तत्काल सक्षम न्यायालय में अपील करने हेतु उप संचालक अभियोजन को निर्देशित किया गया है।

डीएफओ ने आंगनबाड़ी के बच्चों संग बिताए खुशी के पल नन्हें बच्चों को दिए खिलौने

राजपुर। आंगन मिलन सेवा के तहत ग्राम पंचायत महेशपुर का आंगनबाड़ी केंद्र दलधोवा नवापारा बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा, जब वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी उनके बीच पहुंचे। उन्होंने नन्हे-मुन्नों को रंग-बिरंगे खिलौने और फल भेंट किए। उपहार हाथ में आते ही बच्चों की आंखों में जो चमक और चेहरों पर जो मासूम मुस्कान दिखी, उसने पूरे माहौल को आत्मीयता से भर दिया। श्री बाजपेयी ने बच्चों के साथ बैठकर उनसे स्नेहपूर्वक बातें कीं, उनके नाम पूछे और खेल-खेल में उनका उत्साह बढ़ाया। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे भी झिझक भूलकर घुल-मिल गए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी ने कहा कि बचपन जीवन की सबसे कोमल और महत्वपूर्ण अवस्था है, जिसमें मिला प्यार, पोषण और प्रोत्साहन ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। खेल के माध्यम से सीखना उनकी रचनात्मकता और समझ को निखारता है, वहीं पौष्टिक आहार उन्हें स्वस्थ बनाता है। उन्होंने ग्रामीणों और अभिभावकों से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़कर बच्चों के विकास में सहभागी बनने की बात कही।

बिजनेस प्लस



महामाया नेक्सा अजबनगर में नई बलेनो फेसलिफ्ट का भव्य लॉन्च

अम्बिकापुर। महामाया नेक्सा अजबनगर में बुधवार को नई बलेनो फेसलिफ्ट का भव्य लॉन्च आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक के आरएम प्रतीक अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा शहर के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी, ग्राहक तथा महामाया नेक्सा की टीम ने कार्यक्रम में शिरकत की। नई बलेनो 2026 को 6.09 लाख की शुरुआती कीमत पर पेश किया गया है। फेसलिफ्ट मॉडल में आकर्षक और आधुनिक एक्सटीरियर के साथ कई नए फीचर्स एवं अपडेट्स दिए गए हैं। नए डिजाइन और बेहतर सुविधाओं के साथ बलेनो को ग्राहकों की बदलती पसंद एवं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। लॉन्च के अवसर पर महामाया नेक्सा अजब नगर के प्रबंधन ने कहा कि नई बलेनो ग्राहकों को स्टाइल, आधुनिक तकनीक और किफायती कीमत का बेहतर संयोजन प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई है। नए लुक और अतिरिक्त फीचर्स के साथ यह कार पहले से अधिक आकर्षक और ग्राहक-केंद्रित पैकेज के रूप में प्रस्तुत की गई है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं ग्राहकों को नई बलेनो 2026 के डिजाइन और फीचर्स की जानकारी दी गई तथा वाहन का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। महामाया नेक्सा की ओर से ग्राहकों को नई बलेनो की निःशुल्क टेस्ट ड्राइव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

- 6.09 लाख की शुरुआती कीमत के साथ नए लुक और आधुनिक फीचर्स से लैस है नई बलेनो

भैयाथान में पीलिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, शिव मंदिर में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

- 60 मरीजों के लिए गए ब्लड सैंपल

ग्राम पंचायत भैयाथान में लगातार बढ़ रहे पीलिया के मरीजों को देखते हुए आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को ब्लड सैंपल लिया। यह शिविर शिव मंदिर प्रांगण भैयाथान में जिला जनपद सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत भैयाथान के उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह की उपस्थिति में लगाया गया।



शिविर में मरीजों का जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

बीएमओ डॉ. राकेश सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के तोपान सिंह दायमा के नेतृत्व में स्वास्थ्य अमले द्वारा शिविर में आए ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 60 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर रक्त परीक्षण हेतु सैंपल लिया गया है। साथ ही ग्रामीणों को पीलिया से बचाव के लिए शुद्ध पेयजल पीने, पानी उबालकर पीने, खुला भोजन न करने तथा आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया गया। जनपद सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम में पीलिया के मामले बढ़ना चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और हर जरूरतमंद तक इलाज पहुंचाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736









